दिनांकः 23.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार समूचे प्रदेश में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं

- राजस्थान उच्च न्यायालय में आज सात नवनियुक्त न्यायाधीशों ने शपथ ग्रहण की–हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 43 हुई

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उम्मीद जताई कि उनकी ब्रिटेन और मालदीव यात्रा से भारत की वैश्विक पहुंच और नीतियों को मज़बूती मिलेगीं

- पूर्वी राजस्थान में मॉनसून ने पिछले चार दिनों की सुस्ती के बाद फिर रफ्तार पकड़ी–प्रदेश में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिशं

.............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार समूचे प्रदेश में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं मुख्यमंत्री आज निम्बाहेड़ा में जनसभा को संबोधित कर रहे थें इस अवसर पर उन्होंने करीब पांच सौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दीं मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पानी के लिए मध्य प्रदेश सरकार के साथ मिलकर रामजल सेतु परियोजना का समझौता किया हैं हरियाणा के साथ यमुना जल समझौता किया हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी पानी की कमी नहीं आने दी जाएगीं

...............

मुख्यमंत्री ने डेढ़ साल बनाम पांच साल का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जो काम पांच साल में नहीं किये वो उनकी सरकार ने डेढ़ साल में कर दिखाए हैं श्री शर्मा ने निम्बाहेड़ा में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण और स्मृति पार्क का लोकार्पण कियां मुख्यमंत्री ने बीस विभागों की योजनाओं को दर्शाती विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी कियां

..............

राजस्थान उच्च न्यायालय में आज सात नवनियुक्त न्यायाधीशों ने शपथ ग्रहण कीं हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जोधपुर में मुख्य न्यायाधीश के.आर. श्रीराम ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाईं इसके साथ ही राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 43 हो गयी है, जो अब तक की सबसे ज्यादा हैं नवनियुक्त न्यायाधीशों में जस्टिस संदीप तनेजा, जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू, जस्टिस बिपिन गुप्ता, जस्टिस संजीत पुरोहित, जस्टिस रवि चिरानिया, जस्टिस अनुरूप सिंघी और जस्टिस संगीता शर्मा शामिल हैं

.............

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन का नया अध्याय होता हैं उन्होंने कहा कि शिक्षा औपचारिक डिग्री तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि समाज और देश के लिए दायित्व बोध का माध्यम होनी चाहिएं श्री बागड़े आज जोधपुर में एमबीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थें उन्होंने समारोह में स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियों के साथ 16 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान कियें इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा व्यक्तिगत विकास के साथ सामाजिक और राष्ट्रीय प्रगति का जरिया हैं

..............

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई हैं आज जयपुर में आयोजित समारोह में शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षण कार्य गंभीरता के साथ करने का आह्वान कियां श्री दिलावर ने कहा कि शिक्षकों पर बच्चों के भविष्य को आकार देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं उन्हें पूरे समर्पण के साथ अपना काम करना चाहिएं

..............

देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने आज जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रामेश्वरम और मदुरई के लिए विशेष रेलगाड़ी को रवाना कियां इसमें जयपुर से साढे पांच सौ और भरतपुर जिले के 226 यात्री शामिल हैं प्रदेश में बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत ये रेलगाड़ी यात्रियों को मदुरई और रामेश्वरम के तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगीं मीडिया से बातचीत में देवस्थान मंत्री ने कहा कि इस वातानुकूलित रेलगाड़ी की सजावट राजस्थानी लोकसंस्कृति के अनुरूप की गई हैं

...............

भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रोत ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कीं इस दौरान उन्होंने वागड़ क्षेत्र में रेल सुविधाओं को मजबूत करने सहित अन्य मांगें श्री वैष्णव के समक्ष रखीं श्री रोत ने बांसवाड़ा—डूंगरपुर—रतलाम रेल परियोजना को जल्द पूरा करने की अपील कीं

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी में हाल के वर्षों में काफी प्रगति हुई हैं आज ब्रिटेन और मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने प्रस्थान व्यक्तव्य में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि उनकी यात्रा भारत की वैश्विक पहुंच और नीतियों को मजबूती देगीं श्री मोदी ने कहा कि वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ भारत—ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते—एफटीए को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मालदीव की उनकी यात्रा भारत की **पड़ौसी पहले** और **विज़न महासागर** के तहत शांति और स्थिरता बढ़ाएंगीं

..............

चुनाव आयोग ने जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं आयोग ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि नये उपराष्ट्रपति के चुनाव का कार्यक्रम जल्द घोषित किया जाएगां आयोग ने कहा कि इससे पहले निर्वाचक मंडल की सूची तैयार करने, रिटर्निंग तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तय करने और उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए पहले सभी चुनावों से संबंधित सामग्री जुटाने तथा उसकी जानकारी देने का काम किया जाएगां उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा और लोकसभा के सभी सदस्य शामिल होते हैं गौरतलब है कि स्वास्थ्य कारणों से श्री धनखड़ ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया थां

..............

जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आज से महर्षि चरक जयंती के कार्यक्रम शुरू हुएं छह दिन चलने वाले इन कार्यक्रमों में आयुर्वेद चिकित्सक और विद्वान बेहतर स्वास्थ्य पर चर्चा करेंगें इसके साथ ही नयी पीढ़ी को आयुर्वेदिक ज्ञान और प्राचीन परम्पराओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगां एनआईए की प्रोफेसर निशा गुप्ता ने बताया उद्‌घाटन सत्र में प्रोफेसर ओमप्रकाश दाधीच ने विशिष्ट व्याख्यान दियां कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए श्लोक–उच्चारण प्रतियोगिता भी रखी गईं

..............

अलवर में आज कावड़ परिक्रमा के दौरान करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य झुलस गयें इनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई हैं हादसा बीचगांवा गांव में हुआं दुर्घटना उस समय हुई, जब कावड़ियों का रथ हाईटेंशन लाइन को छू गयां करंट फैलने से कई लोग इसकी चपेट में आ गयें

..............

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में चार–पांच दिन की सुस्ती के बाद मॉनसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ी हैं बारां और कोटा में आज दोपहर मूसलाधार बारिश का सिलसिला चलां वहीं बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई और कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गईं सबसे ज्यादा 14 सेंटीमीटर पानी झुंझुनूं के पिलानी में बरसां इसके अलावा अलवर, सवाईमाधोपुर, चित्तौडगढ, भरतपुर, डीग, झालावाड, उदयपुर और सिरोही में भी अच्छी बरसात हुईं इस बीच, मॉनसून के कमजोर पड़ने से कई जगह गर्मी और उमस का असर रहां श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गयां

मौसम विभाग ने आज जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ स्थानों पर गरज के साथ मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई हैं वहीं उदयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती हं

..............

हनुमानगढ़ जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 50 हजार लोगों की नॉट जांच पूरी की गई हैं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर ये एक महत्वपूर्ण कदम हैं राजस्थान में ये उपलब्धि हासिल करने वाला हनुमानगढ़ पहला जिला बन गया हैं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मुकेश शेखावत ने बताया कि संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर उनका इलाज तत्काल शुरू किया जा रहा हैं उन्होंने बताया कि इसके लिए आधुनिक जांच साधनों का प्रयोग किया जा रहा हैं

..............

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस हैं हर साल 23 जुलाई को ये दिन मनाया जाता हैं ये दिन भारतीय रेडियो प्रसारण के गौरवमयी इतिहास को याद करने का अवसर हैं

...............